हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026

04 बारिश से फसल भीगीं, तापमान में आई गिरावट...



07 सिंधी समाज ने हर्षोल्लास से मनाया चैती चांद पर्व...





## खबर संक्षेप

### अंडर-18 बालिका क्रिकेट टीम का चयन 22 को

**नर्मदापुरम।** जिला क्रिकेट संघ नर्मदापुरम के तत्वाधान में अंडर-18 गर्ल्स टीम की चयन प्रक्रिया हेतु ट्रायल 22 मार्च को सुबह 9 बजे एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित की गई है। जिसमें नर्मदापुरम,इटारसी, सिवनीमालवा, माखन नगर,सोहागपुर,पिपरिया एवं बनखेड़ी सहित समस्त नर्मदापुरम जिले के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ सचिव मनोहर बिल्थरिया ने बताया कि जिस खिलाड़ी का जन्म 1 सितंबर 2007 को या उसके बाद हुआ है वे खिलाड़ी ही अंडर-18 ट्रायल के लिए पात्र होंगे। ट्रायल हेतु पंजीयन प्रक्रिया के तहत सभी खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल,आधार कार्ड एवं विगत तीन वर्ष की मार्कशीट लाना अनिवार्य है।

### उम्मीद कार्ड से सीक मेमो की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

**इटारसी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने रेल कर्मचारियों को इलाज के दौरान होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने पश्चिम मध्य रेलवे के चिकित्सा निदेशक (जबलपुर) को पत्र लिखकर मांग की है कि जब रेल कर्मचारी के पास उम्मीद कार्ड उपलब्ध है, तो उसे इलाज या सिक होने के लिए संबंधित ऑफिस से सिक मेमो लाने के लिए बाध्य न किया जाए। वर्तमान में बीमारी की स्थिति में भी कर्मचारियों को कार्यालय के चक्कर काटकर मेमो लाना पड़ता है। यदि कर्मचारी के घर में कोई अन्य सदस्य या समझदार व्यक्ति न हो, तो उसे काफी मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है। मजदूर संघ का कहना है कि डिजिटल युग में उम्मीद कार्ड के जरिए ही कर्मचारी का पूरा डेटा उपलब्ध रहता है, ऐसे में सिक की प्रक्रिया केवल इसी कार्ड के आधार पर होनी चाहिए। इससे रेल कर्मचारियों को आसानी से पेपरलेस इलाज मिल सकेगा। मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने बताया कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ हमेशा कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करता आया है।

### सोहागपुर विधानसभा में तेज हवा के कारण खेतों खड़ी फसल हुई आड़ी

# मौसम में बदलाव: गर्मी से राहत के साथ बढ़ी किसानों की चिंता,कहीं-कहीं नुकसान

पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम ने गुरूवार की शाम से ही करवट ले ली थी। हालांकि बारिश और हवा से फसलों को ज्यादा नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन किसानों की चिंता जरूर बढ़ गई।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है, जिससे एक ओर तापमान में गिरावट से लोगों को राहत मिली है, तो दूसरी ओर बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हल्की बारिश से अभी तक फसलों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन गेहूं की फसल पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि नमी के कारण गेहूं का रंग बदल सकता है, जिससे समर्थन मूल्य पर बिक्री में दिक्कत आ सकती है।

### बारिश और तेज हवा का असर

गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा पिपरिया और हिल स्टेशन पचमढ़ी में हुई। वहीं शुक्रवार को दिनभर मौसम बदलता रहा और नर्मदापुरम में भी शाम को हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली।

### कटाई के समय किसानों की बढ़ी चिंता

जिले में गुरुवार-शुक्रवार की रात से मौसम ने अचानक करवट ली। चक्रवातीय परिसंचरण और ट्रफ के सक्रिय होने से क्षेत्र में बादल छा गए और देर रात हल्की बारिश दर्ज की गई। जिले के पचमढ़ी, माखननगर, सोहागपुर और सिवनी मालवा और पिपरिया समेत कई इलाकों में 20 से 30 मिनट तक हल्की बारिश हुई। रात करीब 2:30 बजे शुरू हुई यह बारिश आधे घंटे तक जारी रही, जिसके साथ तेज हवाएं और बादलों की गर्जना भी देखने को मिली।

### किसानों की बढ़ी चिंता

इस समय जिले में गेहूं और चना की फसल कटाई का दौर चल रहा है। खेतों में फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी है। ऐसे में बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक हुई बारिश से फसल के गिरने, दानों के खराब होने और उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि शुक्रवार की रात तक ही मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। इसके बाद शनिवार से धीरे-धीरे मौसम खुलने लगेगा। वहीं राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राकेश गौर का कहना है कि बारिश हल्की थी जिससे फसलों को नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन इस बारिश गेहूं का कलर बदल जाएगा। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने में परिशानी का सामना करना पड़ेगा।

## बीती रात हुई बारिश व तेज हवा से गेहूं व चना फसल को हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदांचल क्षेत्र में गुरुवार देर रात तीव्र बारिश हुई। साथ ही तेज हवा भी चलीं। जिसके कारण खेतों में पकने की स्थिति में खड़ी गेहूं तथा चने की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे की मांग की है। सोहागपुर क्षेत्र के किसानों ने बताया कि गुरुवार रात लगभग आठ बजे के बाद से ही बादल गड़गड़ाने लगे थे तथा तेज हवा चल रही थीं। शुरुआती स्थिति की तेज हवा ने गेहूं तथा चने की फसल को आड़ा कर दिया। वहीं देर रात जब तेज बारिश हुई तो उससे भी गेहूं व चना फसलों को क्षति हुई है। किसानों का कहना है कि पकने की स्थिति में फसल तैयार हो चली थी, लेकिन अब खेत गीले हो गए हैं तथा मिट्टी में नमी की स्थिति बन गई है। जिसके कारण किसानों को निश्चित रूप से गेहूं तथा चने के औसत उत्पादन में क्षति का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने जिला कलेक्टर सहित नर्मदापुरम जिले के सभी ब्लॉक के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों से मांग की है कि बेमौसम बारिश तथा तेज हवा से हुए फसल के नुकसान का सर्वे कराया जाए। तथा शासकीय नियमों के अनुसार किसानों को उचित मुआवजा भी प्रदान किया जाए।

### यह भी देखो सैटेलाइट पर

मामले में किसानों भैया जी पटेल किवलारी, केसरी सिंह पटेल किवलारी, शिवलेश पटेल बांसखापा आदि ने कहा कि जब पराली जलाई जाती है तो प्रशासन इसे सैटेलाइट पर देख लेता है तथा किसानों पर कार्रवाई करता है। लेकिन जब बारिश तथा तेज हवाओं से किसानों के खेतों में फसल आड़ी हो जाती है व बहुत अधिक क्षति होती है, तब सैटेलाइट पर प्रशासन इस क्षति का सिस्टम पर आंकलन क्यों नहीं कर पाता है। प्रशासन के इस दोहरे व्यवहार पर किसानों की नाराजगी है। तथा किसानों ने मांग की है की सैटेलाइट के माध्यम से किसानों को वर्तमान में हुई फसल की क्षति का सर्वे किया जाए। नियमानुसार क्षति का सही आंकलन किया जाए तथा पीड़ित किसानों को राजस्व विभाग के नियमों के अनुसार फसल को हुए नुकसान के बदले सही-सही मुआवजा प्रदान किया जाए।

### नर्मदापुरम के अधिकतम तापमान में आई गिरावट

पश्चिम विक्षोभ के कारण मौसम में हुए परिवर्तन का असर शहर की फिजा में भी देखने को मिला है। अलग-अलग सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से गर्मी पर ब्रेक लग गया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के बाद 33.1 डिसे दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 19.8 डिसे दर्ज हुआ था। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार अब पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म हो जाएगा। जिससे मौसम खुलेगा लेकिन 2 से 3 दिन बाद फिर मौसम में परिवर्तन के आसार बन रहे हैं। लेकिन वर्तमान समय में गर्मी से राहत मिली है।

## पुलिस को मिली हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अब अपराधों की जांच और भी मजबूत तरीके से कर सकेगी। पुलिस को एक हाईटेक मोबाइल फॉरेंसिक वैन मिली है। इस वैन की मदद से पुलिस घटनास्थल पर ही फिंगरप्रिंट, खून, बाल और हथियार जैसे सबूतों की जांच कर सकेगी।

इस वैन में आधुनिक उपकरण लगे हैं। इसमें सैंपल इकट्ठा करने, उनकी जांच करने, फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग करने की सुविधा है। साथ ही सैंपल को सुरक्षित रखने के लिए रेफ्रिजरेटर और फिंगरप्रिंट किट भी दी गई है।

पहले पुलिस को सबूत इकट्ठा करके दूसरे शहरों की लैब में भेजना पड़ता था, जिससे काफी समय लग जाता था और कई बार सैंपल खराब भी हो जाते थे। अब इस मोबाइल वैन की मदद से मौके पर ही शुरुआती जांच हो जाएगी और साक्ष्य सुरक्षित रखे जा सकेंगे। इससे मामलों की जांच तेजी से होगी और अपराध जल्दी सुलझाने में मदद मिलेगी।

### भगवान झूलेलाल जयंती पर गूंजे जयकारे, बाइक रैली निकाली



**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को भगवान झूलेलाल की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिंधी समाज द्वारा एक भव्य और आकर्षक बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के युवक-युवतियों, बुजुर्गों और बच्चों ने हिस्सा लिया। समिति के अध्यक्ष राम नवलानी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने शाम को भगवान झूलेलाल की आरती में भाग लिया।

## नरवाई न जलाकर उसका उचित प्रबंधन करना सबसे बेहतर विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नरवाई प्रबंधन पर जिले के किसानों का एक सकारात्मक दृष्टिकोण पूरे जिले में देखने को मिल रहा है जहां किसानों द्वारा विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेषों का उचित प्रबंध कर उनका निस्तारण किया जा रहा है। किसानों द्वारा मल्चर रोटावेटर स्ट्रॉ रीपर सहित अन्य कृषि यंत्रों के माध्यम से भूसा बनाने का कार्य किया जा रहा है।कई किसान इन अवशेषों से भूसा तैयार कर पशुपालन में उपयोग कर रहे हैं। जिन किसानों को अपने खेतों में फसल कटाई के बाद बचे हुए फसल अवशेष से भूसा तैयार नहीं करना है उनके द्वारा मल्चर एवं रोटावेटर का उपयोग कर खेत को अगली फसल के लिए तैयार किया जा रहा है जो की कम समय में संपन्न हो जाता है। इसके साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता क्षमता को भी बल मिलता है तथा फसल अवशेष के ना जलने से पर्यावरण को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है तथा अन्य किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति भी नहीं पहुंचती। आधुनिक कृषि यंत्रों से तैयार किए गए खेत आगे चलकर फसल प्रबंधन के लिए भी उपयुक्त साबित होते है। जिले के अलग-अलग विकासखंड के किसानों द्वारा नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग किए जाने वाले कृषि यंत्रों तथा नरवाई प्रबंधन के लिए अपनाई जाने वाली विधि भी अन्य किसानों के साथ साझा किया है जिससे अन्य किसान भी नरवाई जलाने जैसी पर्यावरण विरोधी गतिविधि को त्याग कर कृषि तकनीकों के माध्यम से खेती करने की पद्धति को अपनाए। जिला प्रशासन सतत रूप से फसल अवशेष के उचित प्रबंधन के लिए किसानों को निरंतर तकनीकी सहित अन्य मार्गदर्शन प्रदाय करवा रहा है।

## शाश्वत चिकित्सा शिविर, तीन दिन में साढ़े तीन सौ मरीजों ने लाभ लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल द्वारा अर्थवेद पर आधारित शाश्वत चिकित्सा के माध्यम से प्रख्यात चिकित्सक डॉ स्वामी भक्ति प्रकाश द्वारा दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया किया था जिसमें मरीजों की संख्या और मांग पर शिविर एक दिन बढ़ाया गया था। शिविर में तीन दिनों मे भोपाल, जबलपुर, रायसेन एवं नर्मदापुरम के लगभग साढ़े तीन सौ मरीजों ने इसका फायदा लिया। समापन अवसर पर गुरूजी के साथ रोटरी क्लब के सदस्यों द्वारा सहभोज एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन गोंदरी घाट आश्रम पर नर्मदा किनारे रखा गया जिसमे विशेष रूप से विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव एवं मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह धर्मपत्नी के साथ शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम मे डॉ भक्ति प्रकाश द्वारा शाश्वत चिकित्सा कि महत्वता एवं



उपयोग पर प्रकाश डालते हुए इस विधा को आगे बढ़ाने हेतु समाज कि जरूरत बताया। वहीं अवधेश प्रतापसिंह ने इसे विभिन्न बीमारियों के बिना दवाई के उपचार को चमत्कार और पुरातन पद्धति के उपयोग के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम मे क्लब सदस्यों द्वारा डॉ भक्ति प्रकाश एवं अवधेशप्रताप का शाल श्री फल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अनुपम दुबे, प्रशांत नागर, प्रदीप गिल्ला, मुकेश राजपूत, विपिन जैन, महेश चौकसे, आयुष चौकसे, अंकित गिल्ला, संयम जैन आदि मौजूद रहे।

## रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम पंचायत पालनपुर में शुक्रवार को रानी अवंती बाई लोधी जी का बलिदान दिवस अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक बंधु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने वीरांगना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य परसराम पटेल जी ने की। उनके मार्गदर्शन में आयोजन



सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी से विनोद वर्मा तथा जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 1857 का भारतीय विद्रोह में रानी अवंती बाई लोधी जी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रारंभिक जीवन पर प्रकाश डाला गया।

### पुष्पांजलि से पूर्व भजनांजलि का कार्यक्रम हुआ, दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजंलि दी

# पुण्य स्मरण से सौभाग्य बदल जाता: पं परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुण्य स्मरण से सौभाग्य बदल जाता है, प्रारब्ध के दोष दूर हो जाते हैं। जिनके नाम में राम जुड़ जाता है वह धर्म और समाज में उनका अलग ही प्रभाव रहता है। शिक्षाविद न्यायविद पं रामलाल शर्मा कक्काजी एक संत की तरह रहे हैं और संत का कभी अंत नहीं होता है। उनके सुपुत्रों में उनके पूरे परिवार में उनके दिए हुए संस्कार की झलक दृष्ट्रव्य होती है। यह उद्गार धर्माचार्य पं सोमेश परसाई ने नर्मदा महाविद्यालय में पं रामलाल शर्मा की भव्य प्रतिमा के समक्ष आयोजित पं रामलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित पुण्य स्मरण सभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में व्यक्त किए।

शास नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने कहा कि कक्काजी सच्चे अर्थों में कर्मयोगी थे। उनकी



कर्मशीलता, धर्मपरायणता, समाजसेवा, व शिक्षा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्पद है। उनके द्वारा जो नर्मदा महाविद्यालय की स्थापना की जिसमें शिक्षा लेकर अनेक छात्रों ने अध्ययन करते हुए श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त किए हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि इस महाविद्यालय में सेवा देने का कार्य कर रहे हैं। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ केजी मिश्र ने कहा कि वास्तव में कक्काजी युगदृष्टा व युगसृष्टा थे। सच्चे अर्थों में मनुष्य थे। न्याय के मर्म को जानते थे। उनमें उदारता के भी अद्रभुत गुण थे। सर्व समर्थ थे। किसानी और किसानों के हित को भी वह बखूबी निभाते थे।पं शर्मा के पौत्र डॉ वैभव शर्मा ने कहा कि दादाजी को मैने देखा तो नहीं लेकिन उनके बारे में जो बताया जाता है उनमें अदम्य शक्ति थी। बहुमुखी प्रतिभा के साथ सर्वजन हितेषी थे। डा हंसा व्यास ने पं शर्मा के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों के बारे में स्मरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पुष्पांजलि से पूर्व भजनांजलि का कार्यक्रम हुआ। जिसमें आकाशवाणी की ग्रेडेड गायक कलाकार कु सिद्धा साई ने भजनों की प्रस्तुति दी उनके साथ हारमोनियम पर प्राणकृष्ण साई एवं उत्कर्ष तिवारी ने तबले पर संगत की। पुण्य स्मरण सभा में मप्र के पूर्व मुख्य सचिव कृपाशंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, शंकर लाल पालीवाल, राकेश फौजदार, अधिवक्ता बी के चौहान, पूर्व प्राचार्य डॉ ओएन चौबे, डॉ एलएल दुबे, नगर पालिका, अध्यक्ष नीतू यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, सुरेंद्र पटेल अति. शास अधिवक्ता, पीयूष शर्मा, अरूण शर्मा, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सागर शिवहरे , पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद सोनी, लोकेश तिवारी, खेमचंद यादवेश, शफीक खान, पत्रकार बलराम शर्मा, विवेक भदोरिया, केके अग्रवाल,अनुराग गोलू तिवारी, के साथ ही नर्मदा महाविद्यालय परिवार के प्रोफेसर, एनईएस शिक्षा महाविद्यालय, पं रामलाल शर्मा स्कूल के प्राचार्य शिक्षक गण, पार्षद पूर्व पार्षद गण, शहर के अनेक अधिवक्ता समाजसेवी, बड़ी संख्या में नारीशक्ति व नागरिक शामिल रहे। अंत में सभी ने दो मिनिट मौन रखकर श्रद्वाजंलि दी। संचालन डॉ हंसा व्यास ने किया ।

## अब तक 3278 बालिकाओं को लगी एचपीवी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इससे बचाव के उद्देश्य से जिले में विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित टीकाकरण सत्र में 640 बालिकाओं ने एचपीवी का टीका लगवाकर सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक नर्मदापुरम जिले में 14 से 15 वर्ष आयु की 3278 बालिकाओं ने एचपीवी वैक्सीन का डोज लगवाया है। सभी बालिकाएं पूरी तरीके से स्वस्थ हैं तथा किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या उन्हें वैक्सीन के बाद नहीं हुई है। महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के समन्वित प्रयासों से इस अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इसका लाभ ले सकें। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अवश्य दिलवाएं। यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को खत्म करने में सहायक है। इसके लिए अभिभावक अपनी बेटियों का पंजीकरण यू-विन पोर्टल के माध्यम से भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### वन अग्नि से बचाव के लिए दिया जन-संदेश

**भौंरा।** गर्मी के मौसम में वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे जंगल, वन्यजीव एवं पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। ऐसे में वन विभाग ने ग्रामवासियों से अपील है कि जंगल में किसी भी प्रकार की आग न लगाएं तथा जलती हुई बीड़ी-सिगरेट आदि न फेंके। विशेष रूप से महुआ बीनने के दौरान कुछ लोग जमीन साफ करने के लिए आग लगा देते हैं, जिससे कई बार आग फैलकर बड़ी घटना का रूप ले लेती है। ऐसी लापरवाही से बचें एवं महुआ संग्रह के दौरान आग बिल्कुल न लगाएं। सूखी घास एवं पत्तों में आग लगाने से बचें और यदि कहीं आग दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचना दें। वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं, इन्हें सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर अपने गांव एवं जंगल को वन अग्नि से सुरक्षित बनाएं।

### फसलों का तुरंत मुआवजा दे सरकार: निलय डागा

**बैतूल।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने मुलताई सहित जिले में ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से तबाह हुई फसलों को लेकर सरकार से तुरंत मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तेज हवाओं, बारिश और ओलावृष्टि से कई गांवों में खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है, राहत देने में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से बिना समय गंवाए प्रभावित गांवों का सर्वे शुरू करने और सर्वे पूरा होने के बाद 10 दिन के भीतर किसानों को राहत राशि देने की मांग की है। निलय डागा ने कहा कि अचानक बदले मौसम और ठंडी हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। जिले में कई जगह फसल पूरी तरह खराब हो गई है, जबकि कई खेतों में फसल गिरकर बर्बाद हो चुकी है। गुरुवार रात बैतूल के आसपास के क्षेत्रों में भी हुई बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों को आर्थिक रूप से बड़ा झटका दिया है। सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि हर साल आपदा के समय किसानों को आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीन पर राहत नहीं मिलती। उन्होंने मांग की कि जिन गांवों में फसल को नुकसान हुआ है, वहां तुरंत सर्वे टीम भेजी जाए और राहत प्रक्रिया में देरी न हो। निलय डागा ने विशेष राहत पैकेज के तहत प्रभावित किसानों को आपदा राहत देने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित क्लेम का 15 दिन के भीतर निपटारा करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की 50 प्रतिशत से अधिक फसल खराब हुई है, उन्हें अतिरिक्त विशेष राहत पैकेज स्वीकृत किया जाए। उन्होंने प्रशासन से बर्बाद फसल का जल्द सर्वे कर राहत राशि का भुगतान तुरंत शुरू करने को कहा और चेतावनी दी कि यदि समय पर राहत नहीं मिली तो कांग्रेस किसानों के साथ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती लागत से पहले ही परेशान किसान अब इस बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से और संकट में आ गए हैं।

### बैठक में नए पदाधिकारियों ने ली जिम्मेदारी

**बैतूल।** गुड़ी पाड़वा पर्व और हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भारतीय गण वार्ता द्वारा पदग्रहण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन आयोजित इस बैठक में भगवा पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर नव वर्ष और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं तथा संगठन विस्तार का संकल्प लिया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने सभी पदाधिकारियों को अपना कार्यभार पूरी लगन और ईमानदारी से निभाने का मार्गदर्शन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय ने पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत और विशाल बनाने के साथ सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। प्रदेश संगठन मंत्री राजेश रावत ने सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए हर माह बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

## देर रात बारिश होने से फसलें हुईं आड़ी, बढ़ी परेशानी

# बारिश से फसल भीगीं, तापमान में आई गिरावट, किसानों की बढ़ी चिंता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। देर रात हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसल आड़ी हो गई, वहीं कहीं-कहीं खेतों में कटकर रखी गई फसल भीग गई है। जिससे दाना काला पडऩे और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वर्तमान में गेहूं और चने की फसलें पूरी तरह पक चुकी थीं और कटाई शुरू होने वाली थी। इस बारिश से दानों के काले पडऩे, गुणवत्ता खराब होने और उत्पादन घटने का खतरा बढ़ गया है। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। बता दे कि गुरूवार जिले के कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। कहीं-कहीं पर ओले भी गिरे। बारिश, तेज हवाएं चलने और ओले गिरने के कारण खेतों में फसल जमीन पर आ?ी हो गई। जिससे किसानों को कटाई करना मुश्किल हो जायेगा। इससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों बढऩे वाली है। सोहागपुर के किसान बंटी वर्मा, भरकावाडी के जितेंद्र चौधरी राजेंद्र चौधरी आदि ने प्रशासन से मांग की है कि फसलों का जल्द सर्वे किया जाये, ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। गौरतलब है कि खरीफ सीजन में भी पीला मोजेक सहित अन्य कारणों से सोयाबीन का अच्छा उत्पादन नहीं हो सका था। अब किसानों को रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के बंपर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन ऐन मौके पर बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

### दाना प्रभावित हुआ तो मिलेगे कम दाम

अचानक बदले मौसम और बारिश के कारण खेतों में कटकर रखी फसल भीग गई है। जिससे दाना प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। किसान जितेंद्र चौधरी का कहना है कि यदि दाना प्रभावित होता है तो उन्हें बाजार में फसल के उचित दाम नहीं मिल पाएंगे और नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं किसान प्रसून मंटू चौधरी का कहना है कि वे अचानक बदल गए मौसम के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थे। खड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है और कटी हुई फसल को बचाना उनके लिए मुश्किल हो गया है। इस नुकसान से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। वंही किसान राजेंद्र वर्मा, मनीष पवार, मंटू चौधरी आदि ने बताया कि गेहूं और चना उनकी सालभर की आय का मुख्य आधार है। ऐसे में फसल खराब होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होगी और ऋण चुकाना भारी पड़ जाएगा।

### जिले में औसतन 9.9 मिमी बारिश दर्ज

पूरे बैतूल जिले में औसतन 9.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। जिले के वर्षामापी केंद्रों के अनुसार, घोड़ाडोंगरी में 18 मिमी, मुलताई और भैंसदेही में 13-13 मिमी, बैतूल में 12.4 मिमी, आमला में 12 मिमी, शाहपुर में 9 मिमी और चिचोली में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई। भीमपुर में 2 मिमी और आठनेर में 4.2 मिमी यानी सबसे कम वर्षा दर्ज हुई है। घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के रानीपुर क्षेत्र में करीब एक घंटे की तेज बारिश से फसल सबसे ज्यादा प्रभावित' हुई है और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। रानीपुर के किसान गुड्डा महतो ने बताया कि बारिश और हवा के कारण पक कर तैयार फसलों की बालियां झड़ गई। वहीं जो फसल हरी थी, वह खेतों में आड़ी हो गई है।

### गेहूं, चना और सरसों की फसल खराब हुई

रानीपुर, जुवाड़ी, मेहकार, हीरावाड़ी, मयावानी, रतनपुर, शोभापुर, चारगांव और कतिया कोयलारी में मूसलाधार बारिश हुई। इससे खेतों में खड़ी गेहूं, चना, सरसों और बटना की फसलें भीग गईं। जिन किसानों ने फसल काटकर खलिहानों में रखी थी, वे उसे बचाने के लिए तिरपाल और फट्टों से ढकते नजर आए। घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उन्हें अनुमान नहीं था कि अचानक मौसम इस तरह बदल जायेगा। कई किसानों ने कटाई के बाद फसलों को खलियान में ही खुले में छोड़ दिया था। बारिश के कारण यह फसल भी भीग गई। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

### आज भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना

शुक्रवार को दिनभर मौसम अस्थिर रहा। कभी धूप खिली, तो कभी आसमान में काले बादल छा गए। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक-दो दिन मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना है। हालांकि शुक्रवार दोपहर में बारिश की हल्की बूंदे जरूर गिरी, लेकिन चंद मिनटों में ही यह थम गई। जबकि गुरुवार रात में तेज गरज के साथ जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। जिससे तापमान में भी खासी गिरावट आ गई। शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुरुवार को यह 19.7 डिग्री था। अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास है, जबकि गुरुवार को यह 32.2 डिग्री था।

### फसलों को है नुकसान

बारिश के कारण खेतों में कटकर पड़ी कुछ किसानों की गेहूं की फसलों के दाने का कलर हल्का पड़ सकता है, परंतु ऐसी संभावना कम ही है क्योंकि सिर्फ 30 प्रतिशत किसानों की ही फसल कटी है। वहीं जिन खेतों में सिंचाई लास्ट स्टेज में चल रही थी, वहां बारिश होने से ठंडक बढने से दाने का आकार और वजन बढ़ जायेगा। जिन किसानों को बारिश से नुकसान हुआ है, वे फसल बीमा हेल्पलाइन नंबर 1447 पर शिकायत कर नुकसान की भरपाई कर सकते है। फसल कटाई के 14 दिन बाद तक फसल बीमा का दावा किया जा सकता है।

- **आनंद बडोनिया**, उप संचालक, कृषि विभाग जिला बैतूल

## पत्रकार कल्याण परिषद का स्थापना दिवस

# पन्ना राष्ट्रीय अधिवेशन में बैतूल का बढ़ा मान

### कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

पन्ना में आयोजित पत्रकार कल्याण परिषद के 18वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में बैतूल जिले का गौरव बढ़ाते हुए जिला अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री को उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। पन्ना के टाउन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से आए पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों और समाजसेवियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी उपस्थित रहे। अध्यक्षता सैयद मेहमूद अली चिश्ती ने की, जबकि वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र पांडे, सवर्ण कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय तिवारी एवं वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज केसरवानी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में वेदांती त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, यह केवल व्यवसाय नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है। उन्होंने पत्रकारों के बढ़ते शोषण पर चिंता व्यक्त करते हुए संगठन के माध्यम से अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत करने की बात कही। वहीं मेहमूद अली चिश्ती ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि समाज में बदलाव और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में पत्रकारों की अहम भूमिका है। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया, जिसमें बैतूल, हरदा, होशंगाबाद, सतना, छतरपुर, सागर, अनूपपुर सहित कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल रहे। विशेष रूप से बैतूल जिला अध्यक्ष कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही रवि मिश्रा एवं श्री कुमार कपूर स्मृति सम्मान के तहत उत्कृष्ट पत्रकारों को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## नाली में डाला सीमेंट पाइप, लोगों को मिली आवागमन की सुविधा



**शाहपुर।** नगर परिषद के बरबतपुर में स्थित प्राचीन देवड़ा देव मंदिर के पास बहुत दिनों से एक गहरी नाली खुदी हुई थी। जिससे ऊपर टेकरी पर रहने वाले लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। चैत्र नवरात्रि के समय मंदिर में जवारे रखे जाते हैं। अखंड ज्योत जलाई जाती है। श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की जाती है। जब इस समस्या की सूचना नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर रोहित विक्की नायक को मिली, तो उन्होंने तुरंत ही इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए लोगों के लिए सुगम आवागमन के हेतू नाली में सीमेंट पाइप डालकर सुविधा प्रदान की। जिससे डॉ. पुनीत पांडे सहित अन्य लोगों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 14 गांवों को मिलेगी बेहतर विद्युत आपूर्ति

# विधायक ने विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल- ग्राम बेहडी में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने 20 मार्च को 33/11 केवी 5 एमव्हीए विद्युत उपकेंद्र का भूमि पूजन किया। इस उपकेंद्र की लागत 2.50 करोड़ रुपये है और इसकी क्षमता 5 एमव्हीए है।

इस उपकेंद्र से 03 नम्बर पम्प कृषि फीडर और 01 नम्बर घरेलू फीडर के माध्यम से लगभग 14 गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जिनमें बेहडी, बारंगवाडी, मंगारा, कोठिया, चिखलार, नरेरा, मुवारिया, गजाढाना, रेंगाढाना, सरेकाडोल, भुमकाढाना, भुड़काल ढाना, मोहन ढाना और जमदेही कला शामिल हैं। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ पंडाग्रे ने कहा कि इस उपकेंद्र से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। कार्यक्रम में नरेंद्र गड़ेकर, सतीश हारोडे, यशवंत यादव, महेश मर्सकोले, अशोक नागले, जनपद सदस्य सीमा रतन धुर्वे, रवि सूर्यवंशी, माखन उईके, मनोज विश्वकर्मा, भररु यादव और विद्युत विभाग के एई डोंगरे, जेई श्री चंदेलकर, डीई श्री बुसारे सहित ग्रामीण उपस्थित थे। इसके अलावा आमला विधायक डॉ. पंडाग्रे ने ग्राम जमदेही कला में जनजातीय बस्ती विकास योजना से स्वीकृत सीसी रोड का भूमि पूजन किया और ग्राम हसलपुर में मुख्यमंत्री विशेष निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन का भी भूमि पूजन किया।

# हनुमान जी कलियुग में सर्वव्यापी होकर राम भक्तों की रक्षा करते हैं: पं. निर्मल कुमार शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



हनुमान जी महाराज रामायण में प्राणवायु की भूमिका में हैं जैसे पवन देवता सर्वव्यापी हैं उसी प्रकार प्रकार पवन तनय बल पवन समाना। हनुमान जी भी चराचर में व्याप्त होकर राम भक्तों की रक्षा में तत्पर रहते हैं। साधु संत के तुम रखवारे कह कर गोस्वामी तुलसीदास जी ने इनकी सार्वभौमिक उपस्थित स्वीकार किया है। हनुमान जी का प्रताप चारों युगों में स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

सतयुग में भगवती दुर्गा के आगे उनकी ध्वजा लेकर आप चलते हैं द्वापर में सुग्रीव की ध्वजा लेकर राम सेवा में तल्लीन रहते हैं और द्वापर युग में अर्जुन के रथ की ध्वजा पर इनका निवास होता है तथा कलियुग में तो हर गांव नगर में हनुमान जी सर्वव्यापक रहते हैं। उक्त उद्गार न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड में राजेश अवस्थी व संगीता अवस्थी द्वारा आयोजित श्री हनुमत कथा में मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल जी ने व्यक्त किया। आपने कहा कि हनुमान जी भगवान श्री राम से मिलने के माध्यम हैं। भगवान राम के द्वार के रक्षक हैं बिना इनकी अनुकम्पा हुए जीव श्री राम के चरणों तक नहीं पहुंच सकता। हनुमान जी भोग और भगवान दोनों को मिला देते हैं। जिस पर इनकी कृपा हो जाती है उसे संसार के सारे सुख और भगवान दोनों मिल जाते हैं। तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हां। राम मिलाय राज पद दीन्हा। प्रायः परमात्मा को पाने के लिए घर परिवार धन ऐश्वर्य सब छोडक़र वन में रहकर साधना करना पड़ता है तब बड़ी कठिनाई से परमात्मा की प्राप्ति होती है किन्तु जिसने हनुमान जी का आश्रय ले लिया उसे घर परिवार में रहते हुए भी भगवान सुलभ हो जाते हैं। अवस्थी परिवार द्वारा लगातार नौ दिनों तक श्री हनुमान जी की कथा का आयोजन किया गया है। इसमें रामायण प्रेमियों को विस्तार से हनुमान जी की गाथा श्रवण करने का सौभाग्य सुलभ हुआ है। कथा में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या में उपस्थिति हो रही है। आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है। यह कथा गंगा 27 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक प्रवाहित होगी।

## कई लोग खुजली से थे पीड़ित, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया गांव का दौरा

# दूषित पानी का मामला, दानवाखेड़ा गांव प्रशासन ने भेजी बोरिंग मशीन

### अब ग्रामीणों को हैंडपंप से मिलेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के आदिवासी गांव दानवाखेड़ा में शुक्रवार को हैंडपंप खोदने के लिए बोरिंग मशीन पहुंची। करीब 25 वर्षों के संघर्ष के बाद प्रशासन के माध्यम से गांव में पीने के पानी की मूलभूत सुविधा हो सकेगी। बोरिंग होने से गांव में खुशी का माहौल है।

श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेन्द्र गढ़वाल, अनुराग मोदी ने इसे आम व्यक्ति के अधिकार की जीत करार देते हुए हरिभूमि अखबार का धन्यवाद किया। गौरतलब है कि दानवाखेड़ा गांव की जिरिया का पानी पीकर ग्रामीण लोग खुजली व अन्य बीमारियों से ग्रसित हो रहे थे, ग्रामीणों ने साफ पानी की मांग को लेकर कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की थी। ग्रामीणों की इस समस्या को हरिभूमि ने 18 मार्च के बैतूल संस्करण में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस खबर के बाद प्रशासन जागा और गांव में बोरिंग मशीन भेजी गई। इससे अब यहां हैंडपंप लग सकेगा और ग्रामीणों को साफ पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि गांव की एकता और मीडिया के सहयोग के कारण मांग पूरी हो सकी है। ग्रामीणों का एक दल गत 20 जनवरी को श्रमिक आदिवासी संगठन एवं समाजवादी जन परिषद के नेतृत्व में उप जिला दंडाधिकारी एवं अतिरिक्त कलेक्टर से मिलकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपें गए थे। इसमें ग्रामीणों ने बताया था कि दूषित पानी के कारण 2 माह से गांव के लोग खुजली के प्रकोप से जूझ रहा थे। इस पर प्रशासन ने साफ पानी की व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया था। श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेन्द्र गढ़वाल ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन के बावजूद भी यहां अभी तक हैण्ड पंप भी नहीं लग पाया है। 20 जनवरी से अब तक प्रशासन वन विभाग से अनुमति लेने की बात कर टाल मटोल कर रह।है। सजप के अनुराग मोदी ने बताया कि यहां दूषित पानी के चलते आने वाले माहों में भयंकर बीमारी ?ैल सकती है।



इस मुद्दे को दिसम्बर माह की शुरुवात में ही प्रशासन की जानकरी में लाया गया था। इसके बाद अधिकारियों ने गाँव का दौरा किया और साफ पानी की व्यवस्था करने के लिए गाँव में हैण्ड पंप खोदने का ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया था। इस दौरान अधिकारीयों ने ग्रामीणों से खुदाई हेतु ट्रक पहुँच मार्ग श्रमदान से तैयार करने के लिए कहा। उसके बाद ग्रामीणों व्दारा सडक़ का निर्माण कार्य पूरा किए हुए 1 माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक हेंडपंप खुदाई का कार्य शुरू नहीं किया गया था। दूषित पानी के चलते विगत 2 माह से यह गाँव खुजली के प्रकोप से पी?ति है, इसमें 2 नन्हे-मुन्ने बच्चों की मौत भी हो गई थी। हाल ही में गांव दो दर्जन बच्चों समेत अन्य लोगो के बीमार होने पर शुक्रवार को प्रशसन ने यहां पर बोरिंग मशीन भेजी। अब यहां हैंडपंप लग जाने से ग्रामीणों को दूषित पानी से निजात मिल जाएगी।

### सीएमएचओ ने ग्राम दानवाखेड़ा में खुजली एवं अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीजों के उपचार की ली जानकारी



**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने ग्राम दानवाखेड़ा में खुजली एवं अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीजों के उपचार की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों के उपचार एवं देखभाल को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में ग्राम दानवाखेड़ा के कुल 6 मरीज मंगल पिता सेखलाल उम्र 38, कस्तूरी पति मंगल उम्र 35, सतीश पिता मंगल उम्र 04, मुन्नी पिता मंगल उम्र 08, रीना पिता मंगल उम्र 06 और गीता पिता मंगल सेलुकर उम्र 3 माह उपचार के लिए भर्ती है। सभी मरीज खुजली की बीमारी से ग्रसित हैं, जिनकी स्थिति सामान्य है। इसके अलावा उन्होंने ओपीडी, एएनसी एवं पीएनसी वार्ड का निरीक्षण कर अन्य मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों की स्थिति सामान्य पाई गई। बता दे कि हरिभूमि समाचार पत्र ने 18 मार्च को सबसे पहले इस खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद प्रशासन ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में भेजा। जहां पीड़ितों का उपचार किया गया।

## खबर संक्षेप

### मारवाड़ी महिला मंडल आज निकालेगी शोभायात्रा

**माखननगर।** शनिवार को गणगौर पर्व के अवसर पर मारवाड़ी महिला मंडल, द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभा यात्रा सांय 4 बजे माहेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर पटेल मोहल्ला एवं मुख्य मार्गों से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंचेगी। मंडल अध्यक्ष शिवानी खंडेलवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरती पाटनी, उपाध्यक्ष प्रीति टावरी एवं सह-सचिव अंशु खंडेलवाल ने सभी मारवाड़ी महिला मंडल की सदस्यों से आग्रह किया है कि शोभायात्रा पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं जिससे नगर में उत्सव का वातावरण निर्मित होगा।

### मीणा समाज मीनेश जन्मोत्सव आज मनाएगा



**माखननगर।** भगवान मीनेश जन्मोत्सव आयोजन के लिए मीणा समाज की बैठक साई जय हिन्द डेरिया गार्डन में संपन्न हुई। मीणा समाज के पदाधिकारी ने बताया भगवान मीनेष जन्मोत्सव कार्यक्रम शनिवार साई जय हिन्द डेरिया गार्डन समय प्रातः 11 बजे से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ जिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सामाजिक बन्धु उपस्थित रहेंगे।

### खगोल विज्ञान के लिए रहा खास दिनः सारिका

**नर्मदापुरम।** इस साल 2026 में पहली बार सूर्य शुक्रवार को ठीक पूर्व दिशा से उदित होकर ठीक पश्चिम में अस्त हुआ। यह घटना 6 महीने के अंतराल (23 सितम्बर 2025 ) के बाद होने जा रही है । इस बारे में जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय समय के अनुसार शाम 8 बजकर 16 मिनिट की स्थिति में मार्च इक्वीनॉक्स की घटना होने जा रही है । इसमें पृथ्वी के झुकाव में सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्य भूमध्य रेखा के ठीक लंबवत होगा। इस घटना का कारण बताते हये सारिका ने बताया कि पृथ्वी की धुरी सूर्य की परिक्रमा करने के पथ से लगभग 23.4 डिग्री के कोण पर झुकी होती है जिससे वर्ष के दौरान सूर्य उत्तर से दक्षिण की ओर गति करता महसूस होता है। जून मे पृथ्वी का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर झुका रहता है , मार्च और सितंबर में यह भूमध्य रेखा के लंबवत रहता है। वहीं दिसम्बर में दक्षिण गोलार्द्ध को अधिक सूर्य प्रकाश प्राप्त होता है। सारिका ने बताया कि अधिकांश मीडिया में इसे दिन रात बराबर होने की घटना के रूप मे बताया जाता है जबकि वास्तविकता यह है इस घटना के लगभग पांच दिन पहले ही 15 मार्च को दिन और रात बराबर हो चुके हैं। समय बराबर होने की घटना इक्वीलक्स कहलाती है। जबकि मार्च इक्वीनॉक्स में सूर्य उदय ठीक पूर्व दिशा में होता है तथा सूर्यास्त भी ठीक पश्चिम दिशा में होता है।

### सुबह किया पूजन, दोपहर में लंगर आयोजन एवं शाम को निकाली शोभायात्रा

# सिंधी समाज ने हर्षोल्लास से मनाया चैती चांद पर्व, चार दिवस हुए आयोजन

सोहागपुर सिंधी समाज के द्वारा चैती चांद पर्व को शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर शाम को भव्य शोभायात्रा भी सिंधी समाज के नागरिकों के द्वारा निकाली गई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पूज्य सिंधी पंचायत, श्री सिंधु महासभा एवं सिंधी नवयुवक संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह सभी सामाजिक बंधु गुरुद्वारे में एकत्रित हुए तथा प्रभु झूलेलाल का पूजन किया। दोपहर में भजन कीर्तन के बाद भंडारा व लंगर का आयोजन भी समाज के नागरिकों के द्वारा किया गया। जिसमें शहर के नागरिकों ने पहुंचकर प्रसादी प्राप्त की। इसके अलावा शाम को शास्त्री वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी में बने गुरुद्वारे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारे से शोभायात्रा रोड एक्सीलेंट होते हुए सिविल कोर्ट चौराहे पर पहुंची, एवं यहां से स्टेट हाईवे होते हुए मुख्य बाजार पहुंची। जहां बाजार क्षेत्र में सिंधी समाज के नवयुवकों ने ढोल की थापों पर झूमकर नृत्य किया। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। देर शाम बाजार क्षेत्र में ही शोभायात्रा का समापन किया गया।

#### चार दिवसीय था आयोजन

इस वर्ष चैती चांद पर्व सोहागपुर सिंधी समाज द्वारा चार दिवस तक आयोजित किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस 17 मार्च को आनंद मेला व झूलेलाल जी की मूर्ति के आगमन तथा स्वागत का कार्यक्रम किया गया। 18 मार्च को झूलेलाल जी की पालकी व आरती का आयोजन किया गया। 19 मार्च की सुबह झूलेलाल की आरती बड़े गुरुद्वारे में की गई। इसके बाद सुबह नौ बजे से प्रसाद वितरण तथा स्वल्पाहार आयोजन किया गया। वहीं 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः करीब छह बजे से झूलेलाल जी की वाहन प्रभात फेरी डीजे एवं ढोल के साथ निकाली गई। इसके बाद सुबह 10 बजे से झूलेलाल जी की आरती, अरदास व प्रसाद वितरण कार्यक्रम किये गए। दोपहर एक से तीन बजे तक लंगर आयोजन किया गया। शाम चार बजे के बाद झूलेलाल जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। वहीं शुक्रवार रात आठ बजे के बाद झूलेलाल की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

#### जगह जगह स्वागत हुआ



सिंधी समाज की भव्य शोभायात्रा सिंधी गुरुद्वारा से निकाली गई। सर्वप्रथम यात्रा का गौतम वार्ड क्षेत्र में सिंधी समाज के विविध परिवारों द्वारा अभिनंदन किया गया। जिसके बाद यात्रा सिविल कोर्ट चौराहे पहुंची। जहां झूम कर सिंधी समाज के युवाओं ने डंडा नृत्य की प्रस्तुति दी। यहां से यात्रा स्टेट हाईवे होते हुए मुख्य बाजार पहुंची। जहां श्री राम चौक सहित अन्य स्थानों पर विविध संगठनों के द्वारा इस भव्य शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। समस्त क्षेत्रवासियों ने सिंधी समाज को चैती चांद पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# नार्मदीय ब्राह्मण समाज इटारसी का दबदबा

### महासभा के तीनों संगठनों में मिली बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नार्मदीय ब्राह्मण समाज के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर की नियुक्तियां हुई हैं। अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के तीनों अंगों पुरुष, महिला एवं युवा इकाई में इटारसी के कर्मठ सामाजिक सदस्यों को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया गया है।

समाज के प्रवक्ता राजेंद्र पाराशर ने बताया कि इटारसी इकाई को महासभा में इतना व्यापक प्रतिनिधित्व दिलाने का मुख्य श्रेय अध्यक्ष मनमोहन पगारे के कुशल नेतृत्व, स्पष्ट कार्यशैली और वरिष्ठों के मार्गदर्शन में तैयार की गई रणनीतियों को जाता है। इस सफलता पर समस्त समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

#### महासभा में मनोनीत प्रमुख पदाधिकारी

**महासभाः** प्रमोद पगारे संरक्षक मंडल, मनमोहन पगारे सचिव, सुरेंद्र साकल्ले कार्यकारिणी सदस्य एवं राजेंद्र पाराशर सह-सचिव। **युवा महासभा :** विकास पगारे उपाध्यक्ष, हर्ष चौरे सचिव, गौरव सोहनी कार्यकारी सदस्य एवं सलोनी राजवैद्य (युवती प्रतिनिधि)। **महिला महासभाः** शकुंतला पारे मंत्री, प्रफुल्लबाला पाराशर सदस्य, शिखा उपाध्याय सांस्कृतिक प्रमुख, डॉ. रिचा पारे स्वास्थ्य प्रमुख एवं सीमा पाराशर इकाई प्रमुख। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समाज के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साकल्ले, सुशील पाराशर, एनएल दफ्तरी, सीपी पाराशर, सचिव प्रमोद पगारे और संरक्षक जया पाराशर सहित पूरे इटारसी समाज ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# नप ने कराई पलकमती नदी घाट की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर परिषद सोहागपुर की ओर से गुरुवार 19 मार्च को स्थानीय सब्जी मंडी के पास पलकमती नदी घाट की साफ सफाई का आयोजन किया गया। नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने बताया कि इस दौरान नप कर्मचारियों सहित पार्षदों के सहयोग से नदी एवं इसके दोनों घाटों की सफाई का कार्य किया गया। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार नदी के कचरे की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया। इस दौरान नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया तथा तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# श्री श्याम संकीर्तन आयोजन के पहले निकाली निशान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सोहागपुर में 20 मार्च 2026 को श्री श्याम संकीर्तन आयोजन किया जाना तय किया गया था। आयोजन के पहले श्री श्यिम भक्तों ने शुक्रवार सुबह श्री श्याम निशान यात्रा आयोजित की। इस यात्रा में श्री खाटू श्याम जी की प्रतिमा को निशान स्वरूप रथ पर स्थापित कर भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई। यह निशान यात्रा नगर के मुख्य बाजार स्थित काली मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई व पुराने अस्पताल रोड, बिहारी चौक, कमानिया गेट मार्ग, श्रीराम चौराहा से स्टेट हाईवे एवं सिविल कोर्ट चौराहा होते हुए आयोजन स्थल देनवा गार्डन पहुंची। जहां श्री खाटू श्याम की निशान स्वरूप प्रतिमा स्थापित की गई एवं इसका पूजन किया गया। इस निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्री खाटू श्याम के भक्त व आमजन सम्मिलित हुए।



### नर्मदापुरम करणी सेना परिवार दे रहा धरने में साथ

**इटारसी।** जनहित की मांगों को लेकर करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर द्वारा दिए जा रहे धरने में शामिल होने नर्मदुपमर से संभाग उपाध्यक्ष जित्तू राजपूत और डोलरिया तहसील अध्यक्ष जसवीर सिंह राजपूत के साथ उनके साथियों ने वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस धरणा स्थल पर संगठन के सदस्य दूसरों की समस्या का निदान भी कर रहे है।

# बुकिंग समय बढ़ा, आसानी से नहीं मिल पा रही गैस टंकी




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध का असर जैसे-जैसे तेज हो रहा है, वैसे-वैसे हालात और खराब होते जा रहे हैं। हालांकि प्रशासनिक कसावट के बाद घरेलु गैस सिलेंडर की दिक्कतें कम हो गई हैं, लेकिन नए नियम आमजनों के लिए परेशानी बने हुए हैं। बुकिंग समय 25 दिन होने से लोगों को सिलेंडर आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ता गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पर मजबूर हैं।

पिपरिया पालीवाल गैस एजेंसी के उपभोक्ता अजय पिता धनराज ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व ऑनलाइन बुकिंग की थी लेकिन टंकी नहीं मिली। वहीं वितरक नरेन्द्र परसाई ने बताया कि पर्ची गाड़ी वाले के पास है।

# नया यार्ड में फुटबॉल का रोमांच, रेलवे बॉयस फुटबॉल क्लब की प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खेल प्रेमियों के लिए उत्साह की खबर है कि रेलवे बॉयस फुटबॉल क्लब अपने स्थापना के 27वें सफल वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 21 मार्च, शनिवार को शाम 05:30 बजे से नया यार्ड फुटबॉल मैदान पर शुरू होगी।

#### विभिन्न श्रेणियों में होंगे मुकाबले


क्लब के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता को तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है। **जूनियर वर्गः** वर्ष 2010, 2011 और 2012 के बाद जन्मे युवा खिलाडि़यों के लिए। **लेजेंड्स वर्गः** 33 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी खिलाडि़यों के लिए। **अंतर-विभागीयः** विभिन्न विभागों के बीच प्रतिस्पर्धी मुकाबले। प्रतिदिन शाम 05 बजे से 07 बजे के बीच दो मैच खेले जाएंगे।

जिला फुटबॉल संघ की स्वीकृति के बाद आयोजित इस स्पर्धा के लिए राजेश गौर को आयोजन समिति का अध्यक्ष और हेमराज सिसोदिया को प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। शुभारंभ अवसर पर राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहेंगी इनमें मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, राकेश जाधव, और जीनियस प्लानेट स्कूल के संचालक जाफर सिद्दीकी, थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला, स्टेशन प्रबंधक विनोद चौधरी, डीएमई (डीजल) आशीष झारिया और एईएन समय सिंह मीना वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीना और अन्य पदाधिकारी।

#### तैयारियों में जुटा क्लब

प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए क्लब के सचिव देवेंद्र खाड़े, कोषाध्यक्ष धनपाल चौरे, उपाध्यक्ष रवींद्र चौधरी और जयप्रकाश सचान सहित पूरी टीम सक्रिय है। क्लब के संरक्षक मंडल और सदस्यों ने नगर के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाडि़यों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई और जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। कर्मचारियों ने हड़ताल से पहले मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.पी. नायक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें ईपीएफ एरियर्स भुगतान प्रमुख मांग थी। अधिकारी आर.पी. नायक और अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने आश्वासन दिया कि सभी बकाया राशि का भुगतान चार किस्तों में किया जाएगा। सहमति के बाद हड़ताल समाप्त हो गई और 23 मार्च से भुगतान शुरू होगा।

# भगवान झूलेलाल का जन्मदिन मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद के पचमढ़ी रोड सिंधी समाज के गुरूद्वारा कमेटी ने पचमढ़ी रोड से लेकर सभी मार्ग से होते हुए सुबह युवक-युवतियों ने टू व्हीलर वाहन की रैली निकाली गई। दोपहर को विशालकाय लंगर का आयोजन किया गया। गुरूद्वारा प्रबंधक ने पाठ किया गया। उसके बाद शाम को विशालकाय शोभायात्रा निकालकर एकता का परिचय दिया गया। उसके बाद जगह-जगह स्वागत सम्मानित किया गया। लोगों ने झूलेलाल का पूजन किया। कलश यात्रा निकाली गई। सभी सामाजिक संगठनों ने स्वागत सम्मानित किया गया। भक्त को ठंडाई का वितरण किया गया। शीतल पेय जल तो कहीं नास्ता कराया गया। फूल की बरसात कर स्वागत किया गया।

### श्रीराम जन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का द्वितीय दिवस

# रामराज्य के लिए जरूरी है राम चरित्र अपनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



संपूर्ण नर्मदांचल की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर परिसर तुलसी चौक में 63वे वर्ष में श्री रामजन्म महोत्सव अंतर्गत श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष श्रीमद प्रयागपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती महाराज बाल्मीकि एवं तुलसीदासकृत रामायण पर प्रवचन दे रहे हैं। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा एवं संरक्षक प्रमोद पगारे पत्रकार के मार्गदर्शन में श्री द्वारकाधीश मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजे महाराज का स्वागत एवं पूजन समिति के अध्यक्ष नीरज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, उपाध्यक्ष विष्णुशंकर पांडे, सचिव अभिषेक तिवारी, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष अमित सेठ, देवेंद्र पटेल, एमएल गौर, दिनेश सैनी, पतंजलि परिवार, रेवांचल गौर कुर्मी क्षत्रिय समाज, सेन समाज सहित अन्य लोगों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने किया। व्यासपीठ से संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और ऐतिहासिक मंदिर बन चुका है। रामराज्य की कल्पना सभी को है रामराज आना भी चाहिए पर अकेले सरकारों के भरोसे रामराज नहीं आएगा इस कार्य हेतु हमारा भी सहयोग जरूरी है और हमें करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा कर्म ही जीवन में प्रधान है। ईश्वर ने कर्म को प्रधानता दी है। बिना कर्म के हमें किसी से कुछ मिल जाए इसका विचार भी नहीं करना चाहिए। महाराज श्री ने कहा कि प्रभु श्री राम का जन्म राक्षसी प्रवृत्तियों और रावण के कुल के वध के लिए ही हुआ था। प्रवचन में हारमोनियम पर दिलीप, तबले पर दीपक दुबे, बैंजो पर श्रीराम, सहित संकटा प्रसाद मिश्र, दुर्गादत्त तिवारी एवं राहुल ने भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

Phone No. 07578-292027 Fax No. 07578-299441

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
**MINISTRY OF DEFENCE, GOVERMENT OF INDIA**

पत्र क्र. 40/पी.डब्ल्यू./डोरमेटरी/3950 दिनॉक :- 18.03.2026

// निविदा - सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि छावनी परिषद पचमढ़ी छावनी बस स्टेण्ड पर स्थित छावनी डोरमेटरी को 01 वर्ष हेतु किराये पर देने के लिये निविदा gem.gov.in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संबंधी विवरण एवं नियम एवं शर्ते gem.gov.in साईट एवं छावनी परिषद की वेबसाईट pachmarhi.cantt.gov.in पर प्रकाशित की जायेगी।

| क्र. | विवरण | शासकीय न्यूनतम राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | छावनी परिषद डोरमेटरी को 01 वर्ष हेतु किराये पर देने के लिये निविदा आमंत्रण | रू. 3,23,000.00 | रू. 50,000.00 |

| क्र. | विवरण | दिनॉक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | टेंडर प्रकाशन की दिनॉक | 19.03.2026 | 17.00 बजे |
| 2. | टेंडर की तकनीकी एंव वित्तीय बिड ऑन लाईन जमा करने की अंतिम तिथि | 10.04.2026 | 17.00 बजे |

कृपया ध्यान रहे, इसके पश्चात् टेण्डर से संबंधित समस्त नोटिफिकेशन संशोधन गर्वमेन्ट की gem.gov.in साईट पर प्रकाशित किये जावेंगे। टेंडर गर्वमेन्ट की gem.gov.in पोर्टल के माध्यम से जमा करना होगा।

राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी

**इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 0038 अ-6 वर्ष 2025-26
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक दीपांशु अग्रवाल आ. स्व. श्री दिनेशचन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 32, तीसरी लाईन इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 म.प्र.भ्.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 14 प्लाट नं 48/3 रकबा 660 व.फु. जो नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता दिनेशचन्द्र अग्रवाल के नाम दर्ज चला आ रहा है। दर्ज पटटाधारी दिनेशचन्द्र अग्रवाल का निधन दिनाँक 18.03.2024 को हो चुका है उन्होने उक्त वर्णित संपति का वसीयतनामा दिनांक 17/10/2023 को विधि अनुसार आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड पर वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 01/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

## खबर संक्षेप



### भारतीय किसान संघ ने स्थापना दिवस मनाया

**हरदा।** भारतीय किसान संघ जिला हरदा की मासिक बैठक कृषि ऊपज मंडी बलराम सभागृह हरदा में आयोजित की गई। जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल उपस्थित रहे। उनके द्वारा बताया गया कि भारतीय किसान संघ की लंबित मांग डॉकेज टेस्टिंग मशीन प्रदेश की सभी मंडियों में शीघ्र लगाने के आदेश जारी हो गए हैं। शीघ्र ही देश की सभी मंडियों में ऊपज जांचने की मशीन लग जाएगी जिससे किसान अपनी ऊपज की जांच करा सकेंगे,यह मशीन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी में सहायक होगी। बैठक के पश्चात बलराम चौक पर भारतीय किसान संघ द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल,महिला संयोजिका दीप्ति जाट, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा,मंत्री विजय मालगाया प्रदेश मंत्री योगेंद्र भांभू,नरेंद्र दोगने, ब्रजमोहन राठौर, शैतान सिंह राजपूत, विनोद पाटिल, लोकेश गौर, विष्णु गौर,राजेंद्र बांके, बालकृष्ण मलगाया, हरिओम गौर, दीपचंद नवाद,राजनारायण गौर, विनय यादव संतोष गौर राजेश डूडी, मुकेश बांके नारायण मातमा।

### नपाध्यक्ष का नाम नहीं होने से भाजपा जिलाध्यक्ष नाराज

**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को 232 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें 33.63 करोड़ रुपए की लागत से बनी 200 बिस्तरों वाली जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग भी शामिल थी। हालांकि, इस नई बिल्डिंग के लोकार्पण पत्थर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया और उपाध्यक्ष अंशुल गोयल का नाम अंकित नहीं किया गया। जबकि, कांग्रेस समर्थित जनपद अध्यक्ष रेवा धर्मेंद्र पटेल और उपाध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के नाम पत्थर पर मौजूद रहे। इस मामले को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को एक पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष शहर की प्रथम नागरिक हैं और अस्पताल नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आता है। वर्मा ने इसे नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का घोर अपमान बताया। उन्होंने कलेक्टर से लोकार्पण पत्थर पर नामों में संशोधन कर नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का नाम सम्मानजनक स्थान पर अंकित करने की मांग की। साथ ही, इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है।

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

**सीहोर।** भारतीय सेना के सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 1 अप्रैल तक चलेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण तिथियों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से 1 से 15 जून के मध्य किया जाएगा। परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसकी जानकारी अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होगी। यह भर्ती मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पांढुर्ना सहित अन्य अधिसूचित जिलों के स्थायी निवासियों के लिए होगी।

## गुरुवार रात में जिले भर में तेज हवा आंधी के साथ हुई थी बारिश

# तेज हवा से कई जगह गेहूं की फसल आड़ी पड़ी, किसानों की चिंता बढ़ गई

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जिले में गुरुवार देर रात मौसम अचानक बदल गया। करीब 12 बजे के बाद तेज हवा के साथ हल्की बारिश शुरू हुई, जो कुछ समय तक जारी रही। इसके बाद शुक्रवार दोपहर में 3 बजे के करीब हंडिया में बरसात के साथ ओले भी गिरे। इससे मौसम ठंडा हो गया, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई।

खेतों में पककर तैयार गेहूं, चना और सियाचीड़ की फसल इस बारिश से प्रभावित हुई है। तेज हवा के कारण कई जगह गेहूं की फसल आड़ी पड़ गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश जारी रही तो उन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है। गेहूं की चमक कम हो जाएगी और नमी बढ़ने से सही दाम नहीं मिलेंगे। चने की फसल में भी नमी आने से बेचने में दिक्कत हो सकती है। कृषि विभाग के उप संचालक



जवाहरलाल कास्दे ने बताया कि जिले के तीनों ब्लॉकों में करीब 75 प्रतिशत फसलों की कटाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि तेज बारिश नहीं हुई है, इसलिए गेहूं की चमक पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, हालांकि कुछ जगह हवा से फसल आड़ी हुई है। ग्राम पीड़गांव के किसान भगवानदास धार्मिक ने बताया कि उन्होंने दो एकड़ की गेहूं की फसल काटकर खेत में रखी थी, लेकिन ट्रैक्टर नहीं मिलने से घर नहीं ला पाए। अब बारिश से फसल भीग गई है। किसान संघ के पदाधिकारी विजेश मुकाती ने बताया कि जिन किसानों ने मूंग की बोनी की है, उन्हें भी नुकसान का खतरा है। बारिश से आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन गांवों में किसानों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। हंडिया में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के करीब तेज हवा आंधी के साथ बरसात हुई। इस दौरान करीब 15 मिनट तक ओले भी गिरे। किसान दिनेश लेगा ने बताया कि खेतों में फसल खड़ी है और मौसम के बदलाव से किसान चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बारिश के कारण फसलों का नुकसान हुआ है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रमदान किया, जागरूकता रैली भी निकाली

## चिकलपाट पंचायत में शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जल गंगा संवर्धन अभियान गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून 2026 तक जारी रहेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है। जिले में इस अभियान का शुभारंभ गुरुवार को हरदा शहर स्थित अजनाल नदी के तट पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने श्रमदान कर किया।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत चिकलपाट में गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत भवन चिकलपाट में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्रारंभ किया गया, ग्रामीणों व उपस्थित जनों द्वारा श्रमदान तथा साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य किए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता से जल संचय एवं जल बचाओ के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच झल्लो बाई पालवी, पंचगण सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिरकिया संजय इवने, एपीओ मनरेगा आशीष यादव, क्लस्टर उपयंत्री रेखा मंडलोई, सचिव लेखराम पाटिल, ग्राम रोजगार सहायक श्री संतोष धुर्वे एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया तथा ग्रामवासियों से अपील की कि वे जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझते हुए उसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधन सुरक्षित रह सकें।

## एक तिथि एक त्योहार, कैलेंडर का विमोचन

# जिले में सर्व सम्मति से तय एक तिथि एक त्योहार



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

गुड़ी पड़वा के अवसर पर 'एक तिथि एक त्योहार' कैलेंडर का विमोचन किया गया। यह कैलेंडर त्योहारों की तिथियों को लेकर होने वाले असमंजस को दूर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के आह्वान पर जिला ज्योतिष परिषद ने ज्योतिष विद्वानों और पंडितों की बैठक आयोजित कर स्थानीय गणना के आधार पर सर्वसम्मति से इसे अंतिम रूप दिया था। चैत्र प्रतिपदा और हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को परशुराम चौक पर पूजन के बाद इसका विमोचन हुआ। इस अवसर पर पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि प्रत्येक शहर अपने अक्षांश और देशांश पर स्थित होता है, जिससे पूर्वोत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में सूर्योदय के समय में अंतर आता है। इसके कारण पंचांगों में गणना के अनुसार तिथियों में भिन्नता पाई जाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभिन्न पंचांगों का निर्माण अलग-अलग सिद्धांतों पर होता है। पंडित व्यास ने जोर देकर कहा कि तिथियों का निर्धारण स्थानीय विद्वान पंडितों द्वारा ही किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, नासा और गूगल द्वारा बताई गई तिथियों के बजाय धर्म शास्त्रीय आधार पर तिथियों को मानना अधिक उचित है।

कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित, चंद्रकांत शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण बादर (मुन्ना बादर), उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर, सुदीप मंडलोई, सचिव नवीन शर्मा, प्रतीक शर्मा, दीपक चौबे और शशिभूषण जोशी सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि वर्ष में आने वाली दो-दो तिथियों की स्थिति में सर्वसम्मति से कुछ प्रमुख त्योहारों की तिथियां तय की गई हैं। इसके अनुसार, 27 मार्च को रामनवमी, 28 अगस्त को रक्षाबंधन, 20 अक्टूबर को दशहरा, 8 नवंबर को दीपावली और 21 मार्च को होलिका दहन मनाना उचित होगा।

# हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर सकल हिंदू समाज और वैश्य समाज ने भगवा वाहन चेतना रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

गुरुवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर सकल हिंदू समाज और वैश्य समाज द्वारा भगवा वाहन चेतना रैली निकाली गई। यह रैली हरदा सहित कई स्थानों पर आयोजित की गई। यह रैली सामाजिक समरसता, हिंदुत्व की एकता और नववर्ष के उत्सव को मनाने के उद्देश्य से निकाली गई थी। वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी राजीव जैन और जिलाध्यक्ष दीपक नेमा ने बताया कि वैश्य समाज गुड़ी पड़वा को वैश्य चेतना दिवस के रूप में मनाता है। इस दिन सभी तहसीलों में वाहन रैली निकालकर वैश्य एकता के लिए जन जागृति का कार्य किया जाता है। हरदा जिले की सभी तहसीलों में यह वाहन रैली निकाली गई। हरदा नगर में वैश्य चेतना रैली नर्मदीय धर्मशाला चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग भगवा ध्वज के साथ शामिल हुए। इस वैश्य चेतना रैली में वैश्य समाज के केशव बंसल, दीपक नेमा, सरगम जैन, राजीव जैन, अजय अग्रवाल, संजय पाटनी, संयम अग्रवाल, अमित तोषनीवाल और शुभम बंसल सहित अभय अग्रवाल उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का निरंतर विकास कर रही सरकार

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने इछावर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातक कॉलेज में लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन के 03 करोड़ 40 लाख रूपये लागत के निर्माण कार्य भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का निरंतर विकास कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की उद्देश्य है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस भवन के निर्माण से न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# भागवत कथा के अंतिम दिवस मनाया फाग महोत्सव

**सीहोर।** शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मार्गदर्शन में कथा के अंतिम दिवस फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान के भजनों के साथ यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ होली खेली। इस मौके पर महाराज ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का काफी महत्व है। कृष्ण की हर लीला में धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा निहित है। जब-जब उनके दिव्य चरित्र का स्मरण होता है, हृदय आनंद और शांति से भर उठता है। बाल



लीलाएं हमें निर्दोषता और वात्सल्य का पाठ पढ़ाती हैं, जबकि रासलीला भक्ति की पराकाष्ठा है। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहाकि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए। अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया। दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता।

## दीपों की रोशनी से जगदीश मंदिर प्रांगण जगमग हुआ

# सीहोर सांस्कृतिक मंच ने 501 दीप प्रज्वलित कर गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर

बुधवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सीहोर नगर की धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की अग्रणी सस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच ने सब्जी मंडी स्थित जगदीश मंदिर पर नव वर्ष का स्वागत पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित कर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने मन्दिर परिसर 501 दीप प्रज्वलित कर मंदिर पर ध्वजा पताका बांधा और इसे पश्चात हिंदू नव वर्ष मंगलमय हो 2083 विक्रम संवत शुभ हो तथा स्वास्तिक शुभचिन्ह जमीन पर अंकित कर सीहोर सांस्कृतिक मंच सदस्यों के साथ शहर के जनमानस ने दीपों को पंक्तिबद्ध किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका अरूणा सुदेश राय एवं नमिता अखिलेश राय, विशेष अतिथि के रूप में अमीता जसपाल अरोरा एवं सोनाली-प्रिंस



राठौर उपस्थित रही। सर्वप्रथम सांस्कृतिक मंच की श्रीमती राठौर, सीमा सक्सेना, रूपाली सोनी, गुन्नु राठौर ने अंग वस्त्र उढ़ाकर स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं एवं सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने दीपो में तेल भरकर बाती रखकर पंक्तिबद्ध किया गया। दीप प्रज्वलन के निमित्त सीहोर सांस्कृतिक मंच के के अध्यक्ष आशीष गुप्ता नरेन्द्र गोस्वामी, प्रदीप नागिया, भगत सिंह तोमर, पुरुषोत्तम मीणा, निलेश जयपुरिया, सतीष त्यागी के नेतृत्व में अन्य कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती वितरित कर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम संपन्न कराया।

इस मौके पर अरुणा राय ने कहा कि हिंदू नववर्ष का स्वागत उत्साह और उल्लास के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने नववर्ष के महत्व के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। अमिता अरोरा ने कहा कि हिंदू नववर्ष का आरंभ चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और हिंदू धर्म के सभी व्रत, त्योहार, पूजा-पाठ तथा मांगलिक कार्य पंचांग और संवत के अनुसार ही किए जाते हैं, इसलिए सभी को इसी दिन नववर्ष मनाना चाहिए। नमिता राय ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्राकृतिक नववर्ष है। इस समय ऋतु परिवर्तन होता है और प्रकृति में नया जीवन दिखाई देता है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष में ऐसा परिवर्तन नहीं दिखता। यह आयोजन केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम भी है। सोनम राठौर ने सांस्कृतिक मंच के प्रयास प्रशंसा की ओर कहां कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सकारात्मक ऊर्जा और हमारी समृद्ध परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, जो एक सशक्त, संगठित एवं जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मातृशक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सीएम राइज विद्यालय तक बनेगी पक्की सड़क, नए सत्र से पहले पूरी होंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ सीहोर



नगर के सर्वांगीण विकास के साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर परिषद सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के नगर आगमन के दौरान नवनिर्मित सांदीपनि (सी.एम. राइज) विद्यालय भवन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई, जिसमें विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने विधायक को आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों से अवगत कराते हुए विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने के लिए अभी सुगम मार्ग का अभाव है, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस पर उन्होंने पक्की सड़क निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग रखी। साथ ही विद्यालय परिसर में अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। विधायक रमाकांत भार्गव ने विषय को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पहले सड़क निर्माण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इस दिशा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।